ऐसा है द्वार | by Gudiya Vibha Mishra

होने नहीं दे कभी तेरी हार
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार
यहाँ दीन दुखियों को मिलता है प्यार
मेरे खाटू वाले का ऐसा है द्वार

कोई किसी का ना यहाँ झूठा ज़माना
सच्चा द्वार सांवरे का सबका ठिकाना
नाम श्याम का जिसने भी लिया
श्याम ने उसे गिरने ना दिया
विपदा से लेता है सबको उबार
होने नहीं दे कभी तेरी हार .....

बिन कहे ही दिल के ये जज़्बात जान ले
थाम ले उसे जो श्याम श्याम नाम ले
श्याम की कृपा से जो है पले
रूठे ना कभी उनसे मंज़िलें
करते हैं उम्र भर वो बस ये एतबार
होने नहीं दे कभी तेरी हार .....

परखे ये विश्वास आस श्याम से रखना
होगा सच जो देखती आँखें तेरी सपना
देर हो भले अंधेर पर नहीं
ये ना सोचना इसको खबर नहीं
गोलू तेरी हर ख्वाहिशें जाने लखदातार
होने नहीं दे कभी तेरी हार .....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%90%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-gudiya-vibha-mishra/